# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (NTSE) (प्रथम स्तर) परीक्षा–2015

(कक्षा–10 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों हेतु)

## नियम, पाठ्यक्रम एवं केन्द्रसूची

मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिये राज्य स्तर पर योग्य परीक्षार्थियों के चयन हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम स्तर पर चयनित 239 विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित द्वितीय स्तर परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे। जिनकी द्वितीय स्तर की परीक्षा NCERT नई दिल्ली द्वारा ली जायेगी। द्वितीय स्तर में चयनित छात्रों को पी.एच.डी. स्तर तक अध्ययनरत तक रू. 500/– प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जावेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in/NCERT नई दिल्ली की वेबसाईट www.ncert.nic.in को देख सकते हैं।

**पात्रता:–**

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (प्रथम स्तर) की परीक्षा में राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त सभी राजकीय /निजी/केन्द्रीय/नवोदय विद्यालयों के कक्षा–10 में अध्ययनरत वे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने कक्षा–9 में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत/तृतीय भाषा विषयों में समग्र रूप से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों। आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्तजन) हेतु न्यूनतम अंको की सीमा 50 प्रतिशत होगी।

वर्तमान में विद्यार्थी को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 10 में नियमित रूप में अध्ययनरत होना चाहिये।

**परीक्षा विधि :–**

यह परीक्षा एक ही दिन में निरन्तर तीन सत्रों में आयोजित होगी। प्रत्येक सत्र के पश्चात् 15 मिनट का अन्तराल रहेगा। प्रथम सत्र बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST), द्वितीय सत्र भाषा योग्यता परीक्षा (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) तथा तृतीय सत्र शैक्षिक योग्यता परीक्षण (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) का होगा।

परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर को 01.00 तक राज्य के सभी जिलों के अनुमोदित 48 केन्द्रों पर आयोजित होगी। दृष्टिहीन परीक्षार्थियों की परीक्षा दोपहर 01.30 बजे समाप्त होगी। दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप श्रुत–लेखक प्रदान करने की व्यवस्था की जावें। जिसकी योग्यता कक्षा–9 में अध्ययनरत अथवा इससे कम हो।

**पाठ्यक्रम :–**

इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा–9 एवं 10 के स्तर का होगा।

**प्रथम सत्र :– बौद्धिक योग्यता परीक्षा** (MENTAL ABILITY TEST):–

इस प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न होंगे, जिन्हें 45 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। इस परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों की तार्किक क्षमता, सोचने की योग्यता, निर्णय–योग्यता, मूल्यांकन एवं विभेदीकरण आदि की परीक्षा ली जाती है।

1. शाब्दिक प्रश्न
   - अक्षर श्रेणी
   - संख्या श्रेणी
   - कथन प्रकार
   - वेन–आरेख
   - समानता–असमानता
   - डाइस–टाइप
   - कूट–अकूट
   - अर्थ–ग्रहण
   - सम्बन्ध
   - क्रम–आरोही–अवरोही, छोटा–बड़ा इत्यादि
   - दिन दिनांक संबंधी
2. अशाब्दिक प्रश्न (चित्रात्मक–समस्यायें)

**द्वितीय सत्र** :– **भाषा योग्यता परीक्षा** (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) :–

इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न होंगे, जिन्हें 45 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। विद्यार्थियों को अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषाओं में से किसी एक का चयन कर उससे संबंधित 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

हिन्दी भाषा में भाषिक योग्यता एवं अभिव्यक्ति क्षमता, शब्दार्थ, मुहावरे, लोकोक्तियां व व्याकरण संबंधी प्रश्न यथा– प्रत्यय, उपसर्ग, संधि, संधि विच्छेद, युग्म–शब्द, पर्यायवाची शब्द, तत्सम् शब्द एवं तद्‌भव आदि सम्मिलित होंगे

अंग्रेजी भाषा के प्रश्न पत्र में Vocabulary, Lexical items, Synonyms. Antonyms. Tenses, Modals, Subjective verbs, Active, Passive voices, Prepositions, Narrative के प्रश्न सम्मिलित होंगे

**तृतीय सत्र** :– **शैक्षिक योग्यता परीक्षा** (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) :–

इस परीक्षा में 90 प्रश्न होंगे जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा–9 व 10 के स्तर का ही रहेगा। शैक्षिक योग्यता परीक्षा के प्रश्न पत्र में विषयवार प्रश्नों का विभाजन निम्नानुसार रहेगा :–

| | |
|---|---|
| 1. भौतिक विज्ञान | 12 प्रश्न |
| 2. रसायन विज्ञान | 11 प्रश्न |
| 3. जीव विज्ञान | 12 प्रश्न |
| 4. गणित | 20 प्रश्न |
| 5. इतिहास | 10 प्रश्न |
| 6. भूगोल | 10 प्रश्न |
| 7. राजनीति विज्ञान | 10 प्रश्न |
| 8. अर्थशास्त्र | 05 प्रश्न |
| कुल= | 90 प्रश्न |

**परीक्षा तिथि** :– **रविवार, दिनांक 02 नवम्बर, 2014**

**केन्द्र पर पहुंचने का समय** :– **प्रातः 8.30 बजे।**

**परीक्षा समय** :–

| क्र.सं. | सत्र | समय | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम सत्र<br>बौद्धिक योग्यता परीक्षा | प्रातः 9.00 बजे से 9.45 बजे तक | केवल दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के लिये 9.00 बजे से 10.00 बजे तक |
| 2. | द्वितीय सत्र<br>भाषा योग्यता परीक्षा | प्रातः 10.15 बजे से 11.00 बजे तक | केवल दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के लिये 10.15 बजे से 11.15 बजे तक |
| 3. | तृतीय सत्र<br>शैक्षिक योग्यता परीक्षा | प्रातः 11.30 बजे से 01.00 बजे तक | केवल दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के लिये 11.30 बजे से 01.30 बजे तक |

प्रत्येक प्रश्न पत्र हेतु निर्धारित समयावधि किसी भी दशा में नहीं बढ़ाई जायेगी।

**परीक्षा केन्द्र** :–

यह परीक्षा राज्य के सभी जिलों में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अनुमोदित 48 केन्द्रों पर ली जावेगी। केन्द्रों की सूची अन्तिम पृष्ठ पर मुद्रित है।

**आवेदन करने की प्रक्रिया** :–

परीक्षा के आवेदन पत्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in तथा NCERT नई दिल्ली की वेबसाईट www.ncert.nic.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकते हैं। परीक्षा आवेदन पत्र की फोटो प्रति भी उपयोग में ली जा सकती है।

आवेदन पत्र में दिये गये निर्देशानुसार छात्र उसमें वांछित सभी प्रविष्टियों की पूर्ति कर साथ में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त आवश्यक प्रमाण पत्र यथा– जाति प्रमाण पत्र, निःशक्तता का प्रमाण पत्र एवं परीक्षा शुल्क नकद निर्धारित तिथि तक अपने शाला प्रधान को देंगे। शाला प्रधान उस आवेदन पत्र को भली प्रकार जांच करके उसमें रही कमियों को छात्र से पूरा करवाकर कक्षा–9 की वार्षिक परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त अंकों को संबंधित कॉलम में सत्यापित करेंगे तथा कक्षा–9 की अंकतालिका की सत्यापित प्रति को संलग्न करेंगे। आवेदन पत्र में दी गई किसी गलत सूचना के लिये विद्यार्थी ही जिम्मेदार होगा।

शाला प्रधान सभी आवेदन पत्रों एवं परीक्षा शुल्क को अपने जिले के इस परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को निर्धारित अन्तिम दिनांक तक जमा करायेंगे। किसी भी स्थिति में अपूर्ण एवं बिना संस्था प्रधान के हस्ताक्षर के तथा अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

केन्द्राधीक्षक केन्द्रवार रोल नम्बर सहित निर्धारित प्रारूप में परीक्षार्थियों की सूचना बनाकर हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर को प्रेषित करेंगे।

**प्रवेश पत्र :–**

प्रवेश पत्र जिसमें परीक्षार्थी का क्रमांक, केन्द्र कोड नम्बर व केन्द्र का स्थान आदि लिखा होगा। संबंधित केन्द्राधीक्षक द्वारा जारी किया जायेगा। केन्द्राधीक्षक छात्रों के प्रवेश पत्र संबंधित शाला को डाक द्वारा भेजेंगे। विद्यार्थी संबंधित संस्था प्रधान से परीक्षा के तीन दिन पूर्व अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

**परीक्षा तिथि :–**

इस वर्ष यह परीक्षा रविवार, दिनांक 02 नवम्बर, 2014 को आयोजित होगी।

**परीक्षा का समय :–**

परीक्षा का समय प्रातः 9 से दोपहर 01.00 तक रखा गया है। दृष्टिहीन परीक्षार्थियों की परीक्षा दोपहर 01.30 बजे समाप्त होगी।

**आवेदन करने की तिथियाँ :–**

| परीक्षा शुल्क | परीक्षार्थियों द्वारा शाला में आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | विद्यालयों द्वारा भरे हुये आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि | परीक्षा केन्द्रों द्वारा बोर्ड को परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट, नामावली, छात्र संख्या भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| (अ) बिना विलम्ब शुल्क | 08.09.2014 | 13.09.2014 | 26.09.2014 |
| (ब) विलम्ब शुल्क सहित | 15.09.2014 | 19.09.2014 | |

**परीक्षा शुल्क :–**

| श्रेणी | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|
| (अ) सामान्य अभ्यर्थी हेतु | रू. 100/– | रू. 120/– |
| (ब) अनु.जाति/अनु.जनजाति/निःशक्तजन अभ्यर्थी हेतु | रू. 70/– | रू. 90/– |

(उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त प्रति परीक्षार्थी अग्रेषण शुल्क रूपये 5/– अलग से देना होगा।)

परीक्षार्थी अपने विद्यालय के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे। समस्त विद्यालय प्रधान भरे हुए आवेदन पत्र मय परीक्षा शुल्क की राशि को अपने जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही अंतिम तिथि तक जमा करायेंगें। किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर को सीधे नहीं भेजें। सीधे बोर्ड कार्यालय को भेजे गये आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं होंगे।

केन्द्राधीक्षक द्वारा दिनांक 26.09.2014 तक परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के नाम बनवाकर मय नामावली एवं छात्र संख्या की सूचना अगले (Next) कार्य दिवस पर निम्न प्रारूप में बोर्ड को आवश्यक रूप से प्रेषित करेंगे।

केन्द्र का नाम ..........................................................................................

केन्द्र कोड कमांक ......................................

केन्द्र पर पंजीकृत किये गये परीक्षार्थियों की सूचना

| क्र. सं. | वर्ग | बिना विलम्ब शुल्क के छात्र संख्या | विलम्ब शुल्क सहित के छात्र संख्या | योग | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य | | | | |
| 2. | अनुसूचित जाति | | | | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति | | | | |
| 4. | निःशक्तजन | | | | |
| | (अ) विकलांग | | | | |
| | (ब) मूक बधिर | | | | |
| | (स) दृष्टिहीन | | | | |
| | योग | | | | |

आवेदन पत्रों की सूची निम्न प्रारूप में सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्तजन वर्गानुसार पृथक–पृथक बनायें :–

## परीक्षा शुल्क विवरण

वर्ग– सामान्य / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / निःशक्तजन (पृथक–पृथक)

| क्र.सं | नाम परीक्षार्थी | पिता का नाम | जाति | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

**उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर.शीट) भरने के सामान्य निर्देश :–**

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) कार्बन प्रति सहित परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी। कार्बन प्रति को परीक्षा उपरान्त परीक्षार्थी को साथ ले जाने की अनुमति दी जावें।

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) के प्रत्येक चौखाने □में नीले डॉट पेन से लिखना है तथा प्रत्येक गोले ○को एच.बी. पेन्सिल से गहरा करना है। चौखाने □में लिखने में केवल केपिटल लेटर्स या अंक का प्रयोग करें। प्रत्येक चौखाने के नीचे उसी से संबंधित अक्षर या अंक वाले गोले ○को ही एच.बी. पेन्सिल से गहरा काला करें।

गोला गलत भर जाने पर इसे रबड़ से अच्छी तरह साफ करें। तत्पश्चात् सही गोला भरें। उत्तर पत्रक में सही विकल्प को गहरा काला नहीं करने की स्थिति में स्कैनर द्वारा नहीं पढे जाने पर विद्यार्थी स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

इस परीक्षा में उत्तर गलत होने पर प्राप्तांकों से अंक नहीं काटे जायेंगे। (Negative Marking) नहीं होगी।

ध्यान रहे उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण इसे मोड़े तोड़े नहीं। इसका दुरूपयोग नहीं करें। तथा इस पर किसी प्रकार की पिन या ऑलपिन को काम में ना लेवें।

**परीक्षा केन्द्रों की सूची**

| क्र.सं. | जिले का नाम | परीक्षा केन्द्रों के नाम | केन्द्र कोड कं. | टेलीफोन नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजमेर | राज.उ.मा.वि., तोपदड़ा, अजमेर | 0101 | 0145–2429396 |
| 2. | " " | राज.केन्द्रीय बा.उ.मा.वि0, अजमेर | 0141 | 0145–2427646 |
| 3. | अलवर | राज.नवीन उ.मा.वि., अलवर | 0202 | 0144–2701338 |
| 4. | " " | सैनी उ.मा.वि.,मनु मार्ग, अलवर | 0204 | 0144–2701712 |
| 5. | बांसवाड़ा | राज.नूतन उ.मा.वि., बांसवाड़ा | 0301 | 02962–243766 |
| 6. | बाड़मेर | राज.उ.मा.वि., स्टेशन रोड, बाड़मेर | 0402 | 02982–230411 |
| 7. | भरतपुर | मास्टर आदित्येन्द्र रा.उ.मा.वि.,भरतपुर | 0502 | 05644–222539 |
| 8. | भीलवाड़ा | राज.उ.मा.वि., प्रतापनगर, भीलवाड़ा | 0602 | 01482–241850 |
| 9. | बीकानेर | राज.सादुल उ.मा.वि., बीकानेर | 0703 | 0151–2544376 |
| 10. | बूंदी | राज.उ.मा.वि., बूंदी | 0803 | 0747–2443916 |
| 11. | चित्तौड़गढ़ | शहीद मेजर नटवरसिंह शक्तावत रा.उ.मा.वि. चित्तौड़गढ़ | 0901 | 01472–240979 |
| 12. | चूरू | राज.बागला उ.मा.वि., चूरू | 1001 | 01562–250454 |
| 13. | डूंगरपुर | राज.महारावल उ.मा.वि., डूंगरपुर | 1101 | 02964–232275 |
| 14. | जयपुर | शहीद अमित भारद्वाज रा.उ.मा.वि.,माणक चौक बड़ीचौपड़, जयपुर | 1209 | 0141–2665206 |
| 15. | " " | रा.महारानी बा.उ.मा.वि.,बनीपार्क,जयपुर | 1236 | 0141–2201541 |
| 16. | " " | राज.राजा रामदेव पोदार उ.मा.वि., गांधीनगर, जयपुर | 1257 | 0141–2510056 |
| 17. | " " | रा.बा.उ.मा.वि., गांधीनगर, जयपुर | 1258 | 0141–2510665 |
| 18. | " " | श्री माहेश्वरी उ.मा.वि., विजयपथ, तिलकनगर, जयपुर | 1271 | 0141–2620541 |
| 19. | " " | रा.बा.उ.मा.वि., सांगानेर, जयपुर | 1214 | 0141–2732063 |
| 20. | " " | टैगोर विद्या भवन उ.मा.वि.,शास्त्रीनगर, जयपुर | 1275 | 0141–2280988 |
| 21. | जैसलमेर | अमर शहीद सागर मल गोपा रा.उ.मा.वि., जैसलमेर | 1301 | 02992–252438 |
| 22. | जालौर | राज.उ.मा.वि., जालौर | 1401 | 02973–232353 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 23. | झुन्झुनूं | राज.उ.मा.वि., झुन्झुनूं | 1501 | 01592–232392 |
| 24. | " " | बैजनाथ श्री रामसाबू उ.मा.वि., पिलानी (झुन्झुनूं) | 1539 | 01596–7642330 |
| 25. | झालावाड़ | राज.उ.मा.वि., पुराना भवन, झालावाड़ | 1607 | 07432–231364 |
| 26. | जोधपुर | रा.नवीन उ.मा.वि., जोधपुर | 1720 | 0291–2513237 |
| 27. | जोधपुर | रा.बा.उ.मा.वि.,जालौरी गेट, जोधपुर | 1765 | 0291–2613379 |
| 28. | कोटा | बाल उ.मा.वि., बारां रोड़ कोटा | 1814 | 0744–2451048 |
| 29. | " " | रा.उ.मा.वि., गुमानपुरा, कोटा | 1838 | 0744–2327667 |
| 30. | " " | रा.उ.मा.वि., दादाबाड़ी, कोटा | 1843 | 0744–2502393 |
| 31. | नागौर | राज.एस.के.एल.कांकरिया उ.मा.वि., नागौर | 1901 | 01582–240569 |
| 32. | पाली | रा. श्री बांगड़ उ.मा.वि., पाली | 2004 | 02932–222120 |
| 33. | सवाईमाधोपुर | रा.उ.मा.वि., सवाईमाधोपुर | 2101 | 07462–234129 |
| 34. | " " | रा.उ.मा.वि., गंगापुरसिटी (सवाईमाधोपुर) | 2171 | 07463–232085 |
| 35. | सीकर | रा.श्री कल्याण उ.मा.वि., सीकर | 2201 | 01572–270408 |
| 36. | " " | गजानन्द मोदी रा.उ.मा.वि., नीम का थाना, (सीकर) | 2265 | 01574–2302031 |
| 37. | सिरोही | रा.उ.मा.वि.,नया भवन, सिरोही | 2302 | 02972–224085 |
| 38. | श्रीगंगानगर | रा.उ.मा.वि., श्रीगंगानगर | 2401 | 0154–2452890 |
| 39. | टोंक | रा.उ.मा.वि., टोंक | 2501 | 01432–253432 |
| 40. | उदयपुर | रा.फतह उ.मा.वि., उदयपुर | 2601 | 0294–2417860 |
| 41. | " " | रा.गुरु गोविन्द सिंह उ.मा.वि., उदयपुर | 2604 | 0294–2525320 |
| 42. | धौलपुर | राज.उ.मा.वि., धौलपुर | 2701 | 05642–220664 |
| 43. | दौसा | श्री रामकरण जोशी रा.उ.मा.वि.,दौसा | 2801 | 01427–220187 |
| 44. | बारां | राज.उ.मा.वि., कोटा रोड़, बारां | 2901 | 07453–231341 |
| 45. | राजसमंद | रा.उ.मा.वि., राजसमन्द | 3001 | 02952–220662 |
| 46. | हनुमानगढ़ | राज.उ.मा.वि., हनुमानगढ़ जंक्शन | 3105 | 01552–250605 |
| 47. | करौली | रा.उ.मा.वि., करौली | 3201 | 07464–250157 |
| 48. | प्रतापगढ़ | रा.उ.मा.वि., प्रतापगढ़ | 3301 | 01478–222186 |

**सम्पर्क सूत्र :–**

| क्र.सं. | अधिकारी | दूरभाष नम्बर |
|---|---|---|
| 1. | सचिव | 0145–2420597 |
| 2. | मुख्य नियंत्रक (परीक्षा) | 0145–2420071 |
| 3. | निदेशक (गोपनीय) | 0145–2421897 |
| 4. | उपनिदेशक (गोपनीय) | 0145–2632225 |
| 3. | उपनिदेशक (परीक्षा) | 0145–2627376 |
| 4. | सहायक निदेशक (परीक्षा–प्रथम) | 0145–2622877 |

सचिव
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान
अजमेर

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांकः–मा.शि.बो.रा.अजमेर/सैल–8/NTSE/2014 दिनांक : ....................

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (NTSE) (प्रथम स्तर) परीक्षा–2015
## परीक्षा तिथि (02 नवम्बर, 2014)

### परिपत्र

राजस्थान में कक्षा–10 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (NTSE) (प्रथम स्तर) परीक्षा 2015 का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के गाईडलाईन के आधार पर रविवार दिनांक 02 नवम्बर, 2014 को प्रातः 9 बजे से 01.00 बजे तक राज्य के सभी जिला मुख्यालयों सहित निम्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को आधा घण्टा अतिरिक्त समय दिया जाएगा। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा–प्रथम स्तर की परीक्षा में मान्यता प्राप्त सभी (केन्द्रीय, पब्लिक, नवोदय, कॉन्वेट, निजी, सरकारी, अर्द्धसरकारी सहित) विद्यालयों के सत्र 2014–15 में कक्षा 10 में नियमित रूप से अध्ययनरत वे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने कक्षा 9 में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत/तृतीय भाषा विषयों में समग्र रूप से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों। आरक्षित वर्ग (अजा/अजजा एवं निशक्तजन) हेतु न्यूनतम अंकों की सीमा 50 प्रतिशत होगी। राज्य में प्रथम स्तर पर 239 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। जिनकी द्वितीय स्तर की परीक्षा NCERT नई दिल्ली द्वारा ली जायेगी। द्वितीय स्तर में चयनित छात्रों को Ph.D स्तर तक अध्ययन करने तक रू. 500/–प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जायेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, निर्देश, पाठ्यक्रम एवं नमूने के प्रश्न–पत्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in तथा NCERT नई दिल्ली की वेबसाईट www.ncert.nic.in पर भी उपलब्ध है।

परीक्षा का पाठ्यक्रम–

3. (NTSE) परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 9 एवं 10 के स्तर का होगा।
4. यह परीक्षा एक ही दिन में निरन्तर तीन सत्रों में ली जायेगी तथा प्रत्येक सत्र पश्चात् 15 मिनट का अन्तराल रहेगा। प्रथम सत्र में बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) जिसमें 50 प्रश्न होगे जिन्हें 45 मिनट में हल करने होगें। द्वितीय सत्र में भाषा योग्यता परीक्षा (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) का होगा जिसमें 40 प्रश्न होगे जिन्हें 45 मिनट में हल करने होगें। तृतीय सत्र में शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) का होगा जिसमें 90 प्रश्न होगे जिन्हें 90 मिनट में हल करने होगे। सभी प्रश्नों के लिये 1 अंक निर्धारित है। शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) में 90 प्रश्नों का विषयवार विभाजन निम्नानुसार रहेगा–भौतिक विज्ञान–12, रसायन विज्ञान–11, जीव विज्ञान–12 गणित–20, इतिहास–10 भूगोल–10 राजनीति विज्ञान–10 अर्थशास्त्र–5

परीक्षा हेतु आवेदन की प्रक्रिया– आवेदन पत्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in/NCERT नई दिल्ली की वेबसाईट www.ncert.nic.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे। परीक्षा आवेदन पत्र की फोटो प्रति उपयोग में ली जा सकती हैं।

आवेदन करने की तिथियाँ :–

| परीक्षा शुल्कवार आवेदन की तिथियां | परीक्षार्थियों द्वारा शाला में आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | विद्यालयों द्वारा भरे हुये आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि | परीक्षा केन्द्रों द्वारा बोर्ड को परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट, नामावली, छात्र संख्या भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | 08.09.2014 | 13.09.2014 | 26.09.2014 |
| विलम्ब शुल्क सहित | 15.09.2014 | 19.09.2014 | |

परीक्षा शुल्क :–

| श्रेणी | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|
| (1) सामान्य परीक्षार्थी हेतु | रू. 100/– | रू. 120/– |
| (2) अनु.जाति/अनु.जनजाति निःशक्तजन परीक्षार्थी हेतु | रू. 70/– | रू. 90/– |

उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क रुपये 5/– प्रति परीक्षार्थी अलग से देना होगा।

लगातार.......2

परीक्षार्थी अपने विद्यालय के माध्यम से ही परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे समस्त विद्यालय प्रधान भरे हुए आवेदन पत्र मय परीक्षा शुल्क की राशि को अपने जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही अंतिम तिथि तक जमा करायेंगें। किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर को सीधे नहीं भेजें। सीधे बोर्ड कार्यालय को भेजे गये आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

परीक्षा केन्द्रों की सूची

परीक्षा केन्द्रों की सूची

| क्र. सं. | जिले का नाम | केन्द्र कोड़ नं. | परीक्षा केन्द्रों के नाम | टेलीफोन नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अलवर | 0201 | सैनी उ.मा.विद्यालय,मनु मार्ग, अलवर | 0144–2701338 |
| 2 | " " | 0202 | राजकीय नवीन उ.मा.विद्यालय, अलवर | 0144–2701712 |
| 3 | अजमेर | 0103 | राजकीय उ.मा.विद्यालय, तोपदड़ा,अजमेर | 0145–2429396 |
| 4 | " " | 0104 | राजकीय केन्द्रीय बालिका उ.मा.विद्यालय, अजमेर | 0145–2427646 |
| 5 | भरतपुर | 0505 | मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उ.मा.विद्यालय,भरतपुर | 05644–222539 |
| 6 | बांसवाड़ा | 0306 | राजकीय नूतन उ.मा. विद्यालय, बांसवाड़ा | 02962–243766 |
| 7 | बारां | 2907 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, कोटा रोड़, बारां | 07453–231341 |
| 8 | बून्दी | 0808 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,बून्दी | 0747–2443916 |
| 9 | बाड़मेर | 0409 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,स्टेशन रोड़,बाड़मेर | 02982–230411 |
| 10 | बीकानेर | 0710 | राजकीय सार्दुल उ.मा. विद्यालय,बीकानेर | 0151–2544376 |
| 11 | चित्तौड़गढ़ | 0911 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,सैंती, चित्तौडगढ़ | 01472–245001 |
| 12 | भीलवाड़ा | 0612 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, प्रतापनगर, भीलवाड़ा | 01482–241850 |
| 13 | चूरू | 1013 | राजकीय बागला उ.मा. विद्यालय,चूरू | 01562–250454 |
| 14 | दौसा | 2814 | श्री रामकरण जोशी राजकीय उ.मा. विद्यालय, दौसा | 01427–220187 |
| 15 | डूंगरपुर | 1115 | राजकीय महारावल उ.मा. विद्यालय,डूंगरपुर | 02964–232275 |
| 16 | धौलपुर | 2716 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,धौलपुर | 05642–220664 |
| 17 | हनुमानगढ़ | 3117 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, हनुमानगढ़ जंक्शन | 01552–260605 |
| 18 | जोधपुर | 1718 | राजकीय नवीन उ.मा. विद्यालय,जोधपुर | 0291–2513237 |
| 19 | " " | 1719 | राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय, जालौरी गेट,जोधपुर | 0291–2613379 |
| 20 | जालोर | 1420 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,जालोर | 02973–222353 |
| 21 | झुंझुनूं | 1521 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, झुंझुनूं | 01592–232392 |
| 22 | " " | 1522 | बिड़ला उ.मा. विद्यालय, पिलानी (झुंझुनूं) | 01596–242113 |
| 23 | झालावाड़ | 1623 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, पुराना भवन, झालावाड़ | 07432–231364 |
| 24 | जयपुर | 1224 | राज.राजा रामदेव पोदार उ.मा. विद्यालय,गांधी नगर, जयपुर | 0141–2707056 |
| 25 | " " | 1225 | राजकीय बा.उ.मा.वि., गांधीनगर, जयपुर | 0141–2510665 |
| 26 | " " | 1226 | शहीद अमित भारद्वाज राजकीय उ.मा. विद्यालय,माणक चौक (बड़ी चौपड़) जयपुर | 0141–2615206 |
| 27 | " " | 1227 | टैगोर विद्या भवन उ.मा. विद्यालय, शास्त्री नगर,जयपुर | 0141–2280988 |
| 28 | " " | 1228 | श्री माहेश्वरी उ.मा. विद्यालय, विजय पथ, तिलक नगर,जयपुर | 0141–2620541 |
| 29 | " " | 1229 | राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय,सांगानेर,जयपुर | 0141–2732063 |
| 30 | " " | 1230 | राजकीय महारानी बालिका उ.मा. विद्यालय,बनीपार्क,जयपुर | 0141–2201541 |
| 31 | जैसलमेर | 1331 | अमर शहीद सागर मल गोपा राज.उ.मा. विद्यालय,जैसलमेर | 02992–252438 |
| 32 | कोटा | 1832 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,गुमानपुरा,कोटा | 0744–2390567 |
| 33 | " " | 1833 | बाल उ.मा. विद्यालय,बारां रोड़,कोटा | 0744–2451047 |
| 34 | " " | 1834 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,दादाबाड़ी,कोटा | 0744–2502393 |

लगातार.......3

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 35 | नागौर | 1935 | राजकीय एस.के.एल.के. उ.मा. विद्यालय,नागौर | 01582–240569 |
| 36 | पाली | 2036 | राजकीय श्री बांगड़ उ.मा. विद्यालय,पाली | 02932–222120 |
| 37 | राजसमन्द | 3037 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, राजसमन्द | 02952–220662 |
| 38 | सीकर | 2238 | राजकीय श्री कल्याण उ.मा. विद्यालय,सीकर | 01572–270408 |
| 39 | " " | 2239 | गजानन्द मोदी रा.उ.मा.वि., नीम का थाना (सीकर) | 01574–230203 |
| 40 | सिरोही | 2340 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,नवीन भवन,सिरोही | 02972–224085 |
| 41 | सवाईमाधोपुर | 2141 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, सवाईमाधोपुर | 07462–234129 |
| 42 | " " | 2142 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर) | 07463–232085 |
| 43 | श्रीगंगानगर | 2443 | राजकीय उ.मा. विद्यालय, श्रीगंगानगर | 0154–2452890 |
| 44 | टोंक | 2544 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,टोंक | 01432–253432 |
| 45 | उदयपुर | 2645 | राजकीय फतह उ.मा. विद्यालय,उदयपुर | 0294–2417860 |
| 46 | " " | 2646 | राजकीय गुरू गोविन्द सिंह उ.मा. विद्यालय,उदयपुर | 0294–2525320 |
| 47 | करौली | 3247 | राजकीय उ.मा. विद्यालय,करौली | 07464–250157 |
| 48 | प्रतापगढ़ | 3348 | राजकीय उ.मा.वि., प्रतापगढ़ | 01478–222186 |

**क्रमांकः–मा.शि.बो.रा.अजमेर/सैल–8/NTSE/2014** **दिनांक : ......................**

**प्रतिलिपि :–** निम्नलिखित को भेजकर निवेदन है कि वे भी कृपया अपनी ओर से एक परिपत्र जारी कर जानकारी प्रसारित करने का कष्ट करें ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसकी सूचना मिल सके।

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. उपनिदेशक, माध्यमिक, अजमेर, भरतपुर, चूरू, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, पाली।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय को भेजकर लेख है कि वे समस्त मान्यता प्राप्त माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय के संस्थाप्रधानों को निर्देशित करावें।
4. सम्पादक शिविरा पत्रिका, बीकानेर कृपया उक्त विज्ञप्ति छापने का कष्ट करें।
5. निदेशक, आकाशवाणी केन्द्र, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले स्थानीय समाचारों के अन्तर्गत अधिकतम प्रसारण करने का कष्ट करें।
6. निदेशक, दूरदर्शन केन्द्र, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया उक्त सूचना को दूरदर्शन के माध्यम से राज्य में अधिकतम प्रसारित करने का कष्ट करें।

**सचिव**
**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान**
**अजमेर**